दैनिक
न्याय साक्षी
खबरें खास
रायगढ़, गुरूवार 30 अप्रैल 2020
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### 3 मई तक बंद रहेगा रायगढ़ पंजीयन कार्यालय

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के रोकथाम हेतु एहतियात के तौर पर 28 अप्रैल 2020 तक राच्य के सभी पंजीयन कार्यालय बंद रखने के निर्देश जारी किए गए थे। चूंकि संक्रमण का आशंका अभी भी बनी हुई है। जिसे ध्यान में रखते हुए आगामी 3 मई 2020 तक राच्य के सभी पंजीयन कार्यालय बंद रखे जाने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त आदेशानुसार 3 मई तक रायगढ़ पंजीयन कार्यालय भी बंद रहेगा।

### किसानों की समस्याओं के निदान के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी

**रायपुर ।** कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण से बचाव के उपायों के तहत प्रदेश में लॉकडाउन किया गया है। ऐसी स्थिति में राज्य के कृषकों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि विकास एवं किसान कल्याण जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा हेल्प लाइन नम्बर जारी किया गया है। किसान हेल्पलाईन नम्बर एवं अपने जिले से संबंधित दूरभाष नम्बर पर खेती-किसानी से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए संपर्क कर सकते हैं। आगामी खरीफ सीजन में खाद-बीज की उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार किसानों को लॉकडाउन की स्थिति में किसी प्रकार परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए राज्य के सभी जिलों में हेल्प लाइन नम्बर जारी किया गया है। राजधानी रायपुर का हेल्प लाइन नम्बर 1800-233-1850 एवं टोल फ्री नम्बर 0771-2445785, बलौदाबाजार जिले का 07727-222054, गरियाबंद का 07706-241288, महासमुन्द का 07723-223305, धमतरी का 07722-232458, दुर्ग का 0788-2323755, बालोद का 07749-223950, बेमेतरा का 07824-222103, राजनांदगांव जिले का 07744-224109, कबीरधाम जिले का 07741-232609, बिलासपुर जिले का 07752-250084, मुंगेली जिले का 07755-264180, जांजगीर-चांपा जिले का 07817-222215, रायगढ़ जिले का 07762-223750, कोरबा जिले का 07759-221096 है। इसी प्रकार सरगुजा जिले का 1800-233-2637 टोल फ्री नम्बर 07774-222722, सूरजपुर जिले का 07775-266173, बलरामपुर जिले का 1800-233-2663 टोल फ्री नम्बर 07831-273072, कोरिया जिले का 07836-232214, जशपुर जिले का 07763-220571, जगदलपुर जिले का 07782-223122, कोण्डागांव जिले का 07786-242075, दंतेवाड़ा जिले का 07856-252360, बीजापुर जिले का 07853-220023, सुकमा जिले का 07864-284012, नारायणपुर जिले का 07781-252214, कांकेर जिले का 07868-241550 और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले का 07751-220223 है।

### 82 हजार 734 को मास्क और सेनेटाईजर वितरित

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप राज्य के सभी जिलों में गरीबों, अन्य स्थानों के श्रमिकों एवं निराश्रित लोगों को निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराए जाने का सिलसिला जारी है। कोरोना संक्रमण के कारण लॉकडाउन के चलते जरूरतमंदों की मदद के लिए राज्य भर में जगह-जगह लगाए गए राहत शिविरों में 29 अप्रैल को एक लाख 12 हजार 501 जरूरतमंदों, श्रमिकों एवं निराश्रितों को निःशुल्क भोजन व खाद्यान्न पैकेट उपलब्ध कराया गया। कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मास्क, सेनेटाइजर एवं दैनिक जरूरत का सामान भी जिला प्रशासन, रेडक्रॉस तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की सहयोग से जरूरतमंदों को लगातार मुहैया कराया जा रहा हैं। जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 25 अप्रैल को स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से 82 हजार 734 मास्क एवं सेनेटाईजर, साबुन आदि का वितरण जरूरतमंदों को किया गया हैं। यह उल्लेखनीय है कि जिलों में प्रशासन द्वारा समाजसेवी संस्थाओं एवं दानदाताओं के सहयोग से संचालित राहत शिविरों के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य में अब तक 51 लाख 16 हजार 180 लोगों को निःशुल्क भोजन एवं खाद्यन्न पैकेट उपलब्ध कराया गया है। स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से कोरोना संक्रमण के बचाव के लिए 42 लाख 32 हजार 145 मास्क सेनेटाईजर एवं अन्य सामग्री का निःशुल्क वितरण जन सामान्य को किया गया है। प्रदेश में 29 अप्रैल को जिलों में एक लाख 12 हजार 501 लोगों को निःशुल्क भोजन एवं राशन उपलब्ध कराने के साथ ही 82 हजार 734 लोगों को आवश्यक मदद, मास्क, सेनेटाईजर, साबुन आदि का वितरण किया गया है।

# कोटा से लौटे बच्चों की स्वास्थ्य जांच के बाद नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर में रखा गया है क्वारेन्टीन में

## सुबह 6 बजे तक जारी रहा बच्चों के आने का सिलसिला, रुकने वालों में जशपुर के साथ सरगुजा संभाग के कुल 104 बच्चे हैं शामिल






**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोटा से वापस आये बच्चों को नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर में क्वारेंटीन में रखा गया है। यहां उनके रूकने की सारी व्यवस्था की गई है। प्रशासन के विभिन्न विभागों की टीमें बच्चों की देखभाल के लिए तैनात है। यहां बच्चों को 14 दिनों की क्वारेंटीन अवधि बितानी होगी।

उगेखनीय है कि कोटा से बच्चों को लेकर बसें कल रायगढ़ जिले में पहुंची। उनका स्वास्थ्य परीक्षण डॉक्टर की टीम द्वारा रायगढ़ के ईडन गार्डन में बनाये गये चेकअप सेंटर में किया गया। इस दौरान कलेक्टर यशवंत कुमार भी व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे और बच्चों से बात की। उन्होंने बच्चों से उनकी यात्रा के बारे में जानकारी ली और मनोबल बढ़ाते हुए समझाया कि अभी सब को स्वास्थ्य की दृष्टि से डॉक्टरों की निगरानी में क्वारेंटीन सेंटर में रखा जाएगा। यहां पर सभी को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना है। किसी बात की चिंता ना करें। इसके साथ ही कलेक्टर यशवंत कुमार ने बच्चों की व्यवस्था में लगे अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्वारेंटीन सेंटर में बच्चों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए रूकवाये, सभी कमरों के लिए पृथक पीने के पानी की व्यवस्था हो। बुनियादी सुविधाओं में किसी प्रकार की कोई कमी न हो। उन्होंने बिल्डिंग के चारों ओर फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा की दृष्टि से क्वारेंटीन सेंटर के पहले दो बेरियर बनाकर नियमित मॉनिटरिंग के लिए भी कहा। मालूम हो कि

कल शाम जशपुर जिले के 55 बच्चों को रायगढ़ में क्वारेंटीन में रखने के लिए लाया गया। जिसके आधार पर सारी व्यवस्थाएं प्रशासन द्वारा समय से पूर्ण कर ली गई थी। उनके खाने-पीने व रुकने का इंतेजा कर लिए गए थे। किन्तु देर रात सरगुजा संभाग के 49 और बच्चों को रायगढ़ में रोके जाने के निर्देश मिले।

जिस पर तत्काल अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त लोगों की रोके जाने की व्यवस्था रात में ही की गई। बाद में आने वाले बच्चों का नवोदय विद्यालय में पहुंचने का सिलसिला सुबह लगभग 6 बजे तक जारी रहा। इस प्रकार कुल 104 बच्चे क्वारेंटीन सेंटर में रोके गए हैं जिनमे 58 लड़के एवं 46 लड़कियां शामिल हैं। इसके साथ कोटा में कुछ बच्चों के पेरेंट्स भी साथ रह रहे थे ऐसे 8 पालक को भी स्वास्थ्य जांच कर रखा गया है। बच्चों के साथ लौटे 2 सुरक्षा कर्मियों की भी जांच कर उन्हें यहीं क्वारेन्टीन किया गया है। कलेक्टर यशवंत कुमार निर्देश पर क्वारेंटीन सेंटर में नियमित सेनेटाईजेशन किया जा रहा है। बच्चों को मॉस्क और हेण्ड सेनेटाईजर भी दिया गया। लंच और डिनर के साथ सुबह-शाम को नाश्ता भी दिया जा रहा है। बच्चों के मनोरंजन के लिए इंडोर गेम्स व चेस, कैरम भी उपलब्ध करवाया गया। राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, खाद्य और ट्रायबल विभाग की टीमें अपने अधिकारियों के नेतृत्व में बच्चों की देखभाल में लगी हुई है।

## नगर सेना रायगढ़ के सैनिकों की 31 मई तक लगी ड्यूटी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन में जिला स्तरीय नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)हेतु नियंत्रण कक्ष क्रमांक 19 में स्थापित दूरभाष नंबर 07762-223750 में 3 पालियों में 24 घंटे खुले रखकर जिला सेनानी नगर सेना रायगढ़ के सैनिकों की ड्यूटी 30 अप्रैल 2020 तक लगाई गई थी। जिसे 31 मई 2020 तक निरंतर चालू रखने के लिए नगर सेना के जवानों को (कोविड-19)नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में ड्यूटी करने हेतु आदेशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि 1 मई से 10 मई 2020 तक प्रातः 8 से शाम 4 बजे तक जगजीवन लहरे एवं संजय वर्मा, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक रामाधीन श्रीवास एवं गोवर्धन तथा रात्रि 12 से सुबह 8 बजे तक जनेकिशन एवं केशव यादव की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह 11 मई से 20 मई प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक रामाधीन श्रीवास एवं गोवर्धन, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक जनेकिशन एवं केशव यादव तथा रात्रि 12 से सुबह 8 बजे तक जगजीवन लहरे एवं संजय वर्मा ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। 21 मई से 31 मई 2020 तक प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक जनेकिशन एवं केशव यादव, शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक जगजीवन लहरे एवं संजय वर्मा तथा रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक रामाधीन श्रीवास एवं गोवर्धन की ड्यूटी लगाई गई है।


## देश के अन्य राच्यों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सहायतार्थ कलेक्टोरेट में हेल्प डेस्क स्थापित, नोडल अधिकारी भी नियुक्त

### छात्रों के भोजन, सुरक्षा तथा अन्य समस्याओं के निवारण के लिए करेंगे कार्य

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)के संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु वर्तमान में भारत सरकार एवं राच्य शासन द्वारा 3 मई 2020 तक लॉकडाउन घोषित किया गया है एवं एडवायजरी किए गए है। कलेक्टर यशवंत कुमार द्वारा रायगढ़ जिला अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राएं जो देश के अन्य राच्यों में अध्यनरत है, उनके आपातकालीन आवश्यकता, भोजन एवं सुरक्षा के संबंध में शिकायत अथवा समस्याओं आदि के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 22 में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ युगल किशोर उर्वशा मोबा.नं.91657-22700 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जो जिले से अन्य राच्यों में अध्यनरत छात्रों के सूचना के आधार पर वहां के जिला प्रशासन से समन्वय कर छात्रों के भोजन, सुरक्षा व अन्य व्यवस्था का प्रबंध करवाएंगे।

ऐसे छात्र-छात्राएं जो अन्य राच्यों में अध्ययनरत है, उनके माता-पिता, अभिभावक अपना आवेदन पत्र कलेक्ट्रेट रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 22 तथा तहसील स्तर पर संबंधित तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन में छात्र का नाम, छात्र का मोबाईल नंबर, छात्र के अन्य राच्य में वर्तमान निवास का पूर्ण पता, अध्ययनरत संस्था का नाम, पिता/पालक का नाम, पिता/पालक का मोबाईल नंबर, पिता/पालक का पूर्ण पता ये जानकारी देनी होगी। इसके साथ ही संबंधित अधिकारी से संपर्क कर के सूचना भी दे सकते हैं।



कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)


सूचना

जिला रायगढ़ से देश के अन्य राज्यों में अध्ययनरत छात्रों के सहायतार्थ हेतु कलेक्ट्रेट रायगढ़ में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। जिसके नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री युगल किशोर उर्वशा मो.नं. नंबर 91657-22700 को बनाया गया है। ऐसे छात्रों के पालक या अभिभावक उक्त नंबर में संपर्क कर निम्न फार्मेट के आधार पर जानकारी प्रेषित कर सकते है। इसके अलावा अपने क्षेत्र के तहसीलदार को भी सूचित कर छात्रों के संबंध में जानकारी दे सकते है।

| | |
|---|---|
| छात्र का नाम | |
| छात्र का मोबाईल नंबर | |
| वर्तमान निवास का पूर्ण पता | |
| अध्ययनरत संस्था का नाम | |
| पिता/पालक का नाम | |
| पिता/पालक का मोबाईल नंबर | |
| पिता/पालक का पूर्ण पता | |

## अवैध शराब के विरुद्ध अभियान, एक ही दिन 408 लिटर महुआ शराब जप्त

### शहर के जुटमिल, कोतरारोड एवं चक्रधरनगर क्षेत्र में अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पूरे जिले में रायगढ़ एसपी संतोष कुमार सिंह की टीम द्वारा अवैध शराब ब्रिकेताओं के इस अवैध करोबार की तालाबंदी की कार्यवाही जारी है। प्रतिदिन अवैध शराब पर विभिन्न थाना क्षेत्र में कार्यवाही की जा रही है , जिसमें शराब की मात्रा 250-300 लिटर जप्त हो रही थी जो दिनांक 24.04.2020 को बढ़कर 408 लिटर हो गया। जिले में दिनांक 24.04.2020 को 18 प्रकरण अवैश शराब बिक्री के बनाये गये थे जिसमें कुल 408 लिटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। शहर में ही 365 लिटर अवैध महुआ शराब जप्त हुआ है। चौकी जुटमिल स्टाफ द्वारा नेतनागर नाला किनारे दो आरोपी किरण कुमार बसोड एवं सुबल चौहान नेतनागर द्वारा छिपाकर रखी हुई 240 लिटर महुआ शराब जप्त किया गया।

कोतरारोड़ स्टाफ द्वारा ग्रे रंग के स्वीप्ट कार क्र.सीजी13 डब्ल्यू 685 में आरोपी राकेश बघेल पिता विजय बघेल उम्र 28 साल साकिन नवापारा बघेल मोहल्ला थाना कोतरारोड को शराब लेकर बिक्री करने हेतु कुरमापाली, गोर्रा की ओर जाते हुए पकड़े जिसके पास से 65 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपी की कार भी जप्त की गई है।

वहीं थाना प्रभारी चक्रधरनगर टी.आई. विवेक पाटले की टीम द्वारा सायकल पर लादकर महुआ शराब लेकर आ रहे तीन युवकों को पकड़े जिनसे 60 लिटर महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर उन्हें रिमांड पर भेजा गया है। थाना पूंजीपथरा स्टाफ द्वारा गेरवानी लोहारपारा चौक गेरवानी के पास आरोपी राजेश चौधरी से 10 लिटर महुआ शराब की जप्त की गई है। इसी प्रकार अन्य थानों में भी अवैध शराब पर कार्यवाही की गई है। अवैध शराब के विरूद्ध जिला पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी है।

## कोचिंग केन्द्र में भोजन एवं नाश्ता प्रदाय करने हेतु 14 मई तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** रायगढ़ जिले में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण कक्षा 11 वीं में अध्ययनरत छात्राओं को कोचिंग केन्द्र रायगढ़ में भोजन एवं नाश्ता प्रदाय करने हेतु इच्छुक भोजनालय, रेस्टोरेंट एवं केटरर से 14 मई 2020 शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन पत्र एवं अन्य संबंधित वांछित दस्तावेजों को एक बंद लिफाफे में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित कर सकते है। आवेदन का प्रारूप, न्यूनतम पात्रता शर्ते तथा अन्य जानकारी जिले के वेबसाईट www. raigarh. gov. in से डाऊनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए आदिवासी विकास शाखा कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

## आपदा प्रबंधन एवं राहत शाखा में कार्य करने के लिए कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार के निर्देशन में कलेक्टोरेट भवन रायगढ़ में जिला स्तरीय नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19)के नियंत्रण कक्ष क्रमांक 19 में उक्त आपदा से सहायता के लिए लिए हेल्प लाईन नंबर 07762-223750 एवं 07762-222550 स्थापित किया गया है। उक्त हेल्पलाईन नंबर 24 घंटे चालू रहेगा। कक्ष क्रमांक 19 कंट्रोल रूम एवं कक्ष क्रमांक 41 आपदा प्रबंधन एवं राहत शाखा में कार्य करने के लिए 1 मई 2020 से आगामी आदेश पर्यन्त तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

उल्लेखनीय है कि कक्ष क्रमांक 19 नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) कंट्रोल रूम में प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक श्रीमती जानकी यादव, श्रीमती पुष्पा पटेल एवं श्रीमती शीला घृतलहरे की ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक तरूण सिंह पटेल, सुनील कुमार प्रधान एवं धनुर्जय प्रसाद साहू तथा रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक उमाशंकर सूर्यवंशी, विनोद कुमार पटेल एवं प्रहलाद कुमार पटेल ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

## संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक माल परिवहन करने वाले 100 वाहन चालकों को दिए गए सुरक्षा किट

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण पर प्रभावी रोकथाम हेतु शासन द्वारा समय-समय पर विभिन्न निर्देश जारी किये गए हैं। सोशल व फिजिकल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करने, नियमित हाथ धोने, मास्क पहनने जैसे सुरक्षात्मक उपायों को अपनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ट्रांसपोर्ट नगर चौक में पहुंचकर मालयानों में आवश्यक माल परिवहन करने वाले 100 वाहन चालकों को सुरक्षा किट जैसे सेनेटाईजर बॉटल, साबुन, फेस मॉस्क, हैण्ड ग्लोब्स प्रदान किया गया। साथ ही चालकों को हाथ धोते रहने, लोगों से आवश्यक दूरी बनाकर रखने व मॉस्क के उपयोग करने की सलाह दी। अग्रवाल ने बताया कि आने वाले दिनों में भी चालकों को सुरक्षा किट वितरण का कार्य जारी रहेगा।

# चेक पोस्ट में पूरी सजगता से करें चौकसी करने कलेक्टर यशवंत कुमार ने दिए निर्देश

### लॉक डाउन के बीच सीमावर्ती चेक पोस्ट के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह भी रहे साथ

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार आज रायगढ़ जिले के सीमावर्ती इलाके महापगी और जामपाली पर बने चेक पोस्ट एवं बेरियर के निरीक्षण में पहुंचे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह भी साथ रहे।

कलेक्टर यशवंत कुमार महापगी में बने चेक पोस्ट में पहुंचे वहां उन्होंने ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से लॉक डाउन के दौरान चेक पोस्ट से होने वाली आवाजाही की जानकारी ली। उन्होंने ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि शासन से स्पष्ट निर्देश है कि कोरोना के प्रभावी रोकथाम के लिए बार्डर पर एकदम सख्त चौकसी की जाए। बिना सूचना के अन्य राच्यों से छत्तीसगढ़ में प्रवेश करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश है। अतः सभी लोग पूरी सजगता और सतर्कता के साथ चेक पोस्ट में ड्यूटी करें। रात में भी पूरी संजीदगी से ड्यूटी की जाए। किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना हो। यदि दूसरे प्रदेश से कोई व्यक्ति आता मिलता है तो उसे यहीं पर ही रोके आगे जाने न दे। उसकी यहीं पर स्वास्थ्य जांच कर क्वारेन्टीन किया जाएगा। इस इस दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने पुलिस के जवानों से कहा कि चेक पोस्ट में हर समय मुस्तैद रहें। यहां से गुजरने वाले चार पहिया गाड़ियों के साथ माल गाड़ियों की भी अवश्य चेंकिंग करें और देखें कि उनमें सामान की आड़ में कोई व्यक्ति अनाधिकृत तरीके से जिले की सीमा में तो प्रवेश नहीं कर रहा है। ऐसा मामला मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर यशवंत कुमार इसके बाद जामगांव के उड़ीसा सीमा से लगे चेक पोस्ट के निरीक्षण में पहुंचे। वहां ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने बताया कि बार्डर को लकड़ी और तार के सहारे सील कर दिया गया है। जिससे आवागमन बंद है।




उन्होंने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिया कि चेक पोस्ट में कर्मचारियों की संख्या बढ़ाएं तथा गर्मी के मद्देनजर ड्यूटीरत कर्मियों के लिए पीने के पानी जैसी आवश्यक सुविधाएं भी मुहैय्या करवाएं। इस दौरान एसडीएम रायगढ़ आशीष देवांगन भी साथ रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480